an>

Title: Regarding giving fair compensation to the farmers affected by hailstorm and rains.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): माननीय उपाध्यक्ष जी, पिछले हफ्ते में राजस्थान में भारी ओलावृÂिट और बारिश के कारण किसानों की फसलों का काफी नुकसान हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर में 70 से 100 प्रतिशत फसल नÂट हुई है। सरसों, गेहूं, जीरा फसलों का काफी नुकसान हुआ है। सरसों कटी पड़ी थी लेकिन खेतों में पानी भरने से सरसों झड़ कर टूट गई। ओलावृÂिट के साथ जानमाल का काफी नुकसान हुआ है। वहां एक लड़की और एक आदमी की मृत्यु हो चुकी है। राजस्थान की माननीय मुख्यमंत्री वसुंधरा जी ने बहुत उदारता से मुआवजे की राशि घोÂिात की है। यहां पशुओं का नुकसान हुआ है। बकरी, भेड़ आदि का नुकसान हुआ है।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि राजस्थान के किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।